कार्यालय प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय, लवन 493 526
जिला – बलौदा बाजार–भाटापारा (छत्तीसगढ़)
Phone: 9425506780, E Mail : lawancollege_2009@rediffmail.com
www.govtcollegelawan.in College Code - 1209

लवन, दिनांक 03 / 12 / 2020

दिव्यांगजन कल्याण कार्य योजना

आज विश्व दिव्यांग दिवस पर महाविद्यालय की दिव्यांगजन कल्याण कार्य योजना प्रतिपादित की जाती है जो कि इस प्रकार है-

- यह महाविद्यालय दिव्यांग छात्र छात्राओं, अधिकारी-कर्मचारी, आगंतुकों तथा समुदाय के समस्त दिव्यांग जनों के हितों की रक्षा हेतु दृढ संकल्पित है।
- यह महाविद्यालय भविष्य में अधोसरंचना सम्बन्धी निर्माण, उन्नयन अथवा अन्य किसी भी प्रकार के निर्माण कार्यों में दिव्यांग जनों की सुलभता का ध्यान रखेगा।
- कक्षाओं में बैठक व्यवस्था इस प्रकार होगी कि दृष्टि बाधित-कमजोर दृष्टि वाले दिव्यांग छात्र छात्राओं को कक्षा में ब्लैक बोर्ड के समीप बैठने दिया जायेगा।
- ऐसी कक्षाएं जो प्रथम तल में आयोजित होती हैं किन्तु यदि उस कक्षा में कोई अस्थि बाधित दिव्यांग प्रवेशित हो तो उस कक्षा को भूतल में आयोजित करने का सक्रिय प्रयास किया जाएगा | यदि छात्र संख्या अधिक होने पर भू-तल पर कक्षा आयोजित करना संभव प्रतीत ना हो तो अस्थि बाधित दिव्यांग छात्र को कक्षा तक पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक, अन्य छात्र-छात्रा अथवा महाविद्यालयीन कर्मचारी की वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी।
- छात्रवृत्ति - दिव्यांग छात्र छात्राओं को समाज कल्याण विभाग से छात्र वृत्ति प्रदान करने हेतु समय सीमा में आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।
- महाविद्यालय आवागमन में सहयोग :- ऐसे दिव्यांग विद्यार्थी जो बस से आवागमन करते हैं, उन्हें परिवहन विभाग तथा समाज कल्याण विभाग से संपर्क कर प्रति दिवस निः शुल्क या रियायती दर पर आवागमन उपलब्ध कराने हेतु पहल की जाएगी।
- आजीविका- यह महाविद्यालय दिव्यांग जनों के रोजगार तथा कौशल सृजन हेतु सार्थक प्रयास करेगा।

03.12.2020

(वाय.आर.महिलाने)
I/C PRINCIPAL
GOVT.COLLEGE,LAWAN
Distt.Baloda Bazar-Bhatapara (C.G.)